भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 36

उत्तर देने की तारीख: सोमवार, 01 दिसंबर, 2025

10 अग्रहायण, 1947 (शक)

सित्थन्नवसल का ऐतिहासिक महत्व

36. सुश्री एस. जोतिमणि:

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार तमिलनाडु के विरालिमलाई विधान सभा क्षेत्र में स्थित सित्थन्नवसल के ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व से अवगत है, जो एक प्राचीन जैन स्थल है जो अपने 7वीं शताब्दी के शैलकृत गुफा मंदिर और भित्ति चित्रों के लिए प्रसिद्ध है और जो भारतीय भित्तिचित्र कला के प्रारंभिक उदाहरणों में से एक है;

(ख) क्या भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) या राज्य पुरातत्व विभाग ने इसके संरक्षण, अनुसंधान और संवर्धन के लिए कदम उठाए हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का इस स्थल पर सड़क पहुंच, आगंतुक सुविधाएं, इंटरप्रेटेशन केंद्र और पर्यटक सुविधाओं जैसे बुनियादी ढांचे में सुधार करने का प्रस्ताव है:

(घ) यदि हां, तो इसके कार्यान्वयन का ब्यौरा और समय-सीमा क्या है:

(ड.) क्या सित्थन्नवसल को राष्ट्रीय या अंतर्राट्रीय पर्यटन अभियानों या विरासत सर्किटों में शामिल किया गया है या शामिल किए जाने के लिए विचाराधीन है, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है; और

(च) क्या सरकार द्वारा एक विरासत पर्यटन स्थल के रूप में सित्थन्नवसल की दृश्यता और सुगम्यता बढ़ाने के लिए एक व्यापक योजना पर विचार करने की संभावना है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं?

उत्तर
संस्कृति और पर्यटन मंत्री
(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क): सित्तनवसल, तमिलनाडु के पुदुक्कोट्टई जिले के विरालिमलाई विधानसभा क्षेत्र में स्थित है जो भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की देखरेख और रखरखाव के तहत राष्ट्रीय महत्व का एक स्मारक है। इसका ऐतिहासिक और पुरातत्विक महत्व बहुत अधिक है। इसमें जैन तपस्वियों के पत्थर के बिस्तर और तमिल-ब्राह्मी शिलालेखों वाला शैलाश्रय, 7वीं-9वीं सदी का चट्टान को काटकर बनाया गया गुफा मंदिर जिसमें शुरुआती दुर्लभ भित्ति चित्र इत्यादि शामिल हैं, जो आरंभिक जैन चरित्रों और पुरानी कला परंपराओं को दर्शाते हैं।

(ख): भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने सित्तनवसल स्मारकों के संरक्षण, अनुसंधान और संवर्धन के लिए लगातार कदम उठाए हैं। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण आवश्यकतानुसार विशेष मरम्मत कार्यों, वार्षिक रखरखाव और अनुरक्षण के माध्यम से इनका संरक्षण सुनिश्चित करता है। ये भित्ति-चित्र भलि-भांति परिरक्षित हैं। इसके अलावा, मंडल कार्यालय द्वारा स्थानीय जनता और छात्रों को शामिल करके स्मृति धरोहर की बेहतर समझ और इसके प्रचार के लिए सांस्कृतिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

(ग) और (घ): वर्तमान में, सित्तनवसल में अतिरिक्त अवसंरचना विकास का कोई प्रस्ताव नहीं है। तथापि, यह स्थल पहले से ही बुनियादी पर्यटक सुविधाओं जैसे कि शौचालय, पेयजल, क्यूआर-कोड आधारित संकेतकों, सांस्कृतिक और स्मारक सुरक्षा सूचना बोर्ड, पत्थर की बेंच, प्रकाशन काउंटर, गाड़ी योग्य सड़क आदि से सुसज्जित है।

(ड.) और (च): वर्तमान में ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

*****